

वर्ष:5 | अंक : 290 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, वीरवार 05 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913



त्योहारों को लेकर जालंधर के नकोदर सब-डिवीजन में पुलिस का फ्लैग मार्च

बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, फ्लैग मार्च नकोदर सिटी, नूरमहल और सब-डिवीजन के अन्य कस्बों व मुख्य बाजारों से होकर गुजरा

- किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम या पेट्रोलिंग पार्टी को दें
- त्योहार सभी के साझा हैं और इन्हें आपसी प्रेम, भाईचारे व सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए : डीएसपी

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/सिद्धू: आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए जालंधर देहात पुलिस ने नकोदर सब-डिवीजन में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस ने बाजारों में पैदल चलकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और दुकानदारों से सहयोग की अपील की। एसएसपी जालंधर देहात सरदार हरविंदर सिंह विर्क के



दिशा-निर्देशों पर यह फ्लैग मार्च नकोदर सिटी, नूरमहल और सब-डिवीजन के अन्य कस्बों व मुख्य बाजारों से होकर गुजरा। डीएसपी



ने दुकानदारों से अपील की कि वे दुकानों के बाहर सामान न रखें, ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो और बाजारों में यातायात सुचारू बना रहे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय घटना की जानकारी तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या इलाके में तैनात पेट्रोलिंग पार्टी को दें। उन्होंने कहा कि त्योहार सभी के साझा हैं और इन्हें आपसी प्रेम, भाईचारे व सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए।

सुरक्षा के लिए लगातार जारी रहेगा अभियान

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, त्योहारी सीजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी, नियमित पेट्रोलिंग और रात के समय गश्त जारी रहेगी। इस मौके पर नकोदर सिटी, सदर और नूरमहल के थाना प्रभारी सहित सब-डिवीजन के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

बेटे के अस्थियां लेने गए दिनेश औलख हुए भावुक

बच्चों की हनी सिंह के साथ फोटो शेयर की

- दिवित औलख को याद कर परिवार और करीबियों की आंखें नम हैं
- गहरे सदमे में आए दिनेश औलख मॉडल टाउन श्मशान घाट पहुंचे

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः स्पीड रिकॉर्ड के मालिक और दिवित औलख के पिता एक बार फिर भावुक नजर आए। बेटे के निधन से गहरे सदमे में आए दिनेश औलख बुधवार को मॉडल टाउन श्मशान घाट पहुंचे और दिवित औलख की आत्मिक शांति के लिए धार्मिक रस्में निभाई गईं। सोमवार को जालंधर में दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने



वाले दिवित औलख को याद कर परिवार और करीबियों की आंखें नम हैं। दिवित औलख की अंतिम अरदास वीरवार को Bath Castle में आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक होगा। दिवित औलख की अस्थियां लेने की रस्म में पंजाबी गायक जैजी बी समेत कई कलाकार शामिल हुए। सभी ने दिवित की आत्मा को प्रभु के चरणों में स्थान मिलने की प्रार्थना की। इस दौरान पिता दिनेश औलख बेहद भावुक दिखाई दिए। वह वहां मौजूद लोगों के सामने हाथ जोड़ते नजर आए। बेटे को खोने का दर्द उनके चेहरे पर साफ झलक रहा था। परिवार की इस मुश्किल घड़ी में कलाकार भी उनके साथ खड़े दिखाई दिए। इससे पहले बीते दिन मॉडल टाउन श्मशान घाट में दिवित औलख का अंतिम संस्कार किया गया था। अंतिम विदाई के समय पंजाबी गायक गिप्पी ग्रेवाल समेत कई कलाकारों ने दिवित के पार्थिव शरीर को कंधा दिया था। इस दौरान दिनेश औलख ने अपने बेटे को मुखाग्नि दी। बेटे को अंतिम विदाई देते समय पिता के साथ-साथ वहां मौजूद कई गायक भी अपने आंसू नहीं रोक पाए थे।

हनी सिंह के साथ पुरानी तस्वीरें कीं गईं शेयर

बेटे की याद में दिनेश औलख ने सोशल मीडिया पर दिवित की गायक यो यो हनी सिंह के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं। इन तस्वीरों के जरिए उन्होंने बेटे से जुड़ी यादों को ताजा किया। दिवित के निधन से पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के कलाकार भी गहरे दुख में हैं और परिवार के प्रति संवेदनाएं जता रहे हैं। परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़ी हस्तियों के दिवित को श्रद्धांजलि देने पहुंचने की उम्मीद है।

जालंधर के शाहकोट में पुरानी रंजिश के चलते 2 युवकों पर फायरिंग, मोटरसाइकिल लेकर फरार

- इस घटना के बाद दोनों युवकों ने भागकर अपनी जान बचाई
- तीन साल पहले हुआ विवाद, बाद में दोनों पक्षों का राजीनामा


जालंधर सिटी लाइव

शाहकोट। जालंधर के शाहकोट के नजदीकी गांव रामे में पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग का मामला सामने



आया है। यहां कुछ हमलावरों ने 2 युवकों को घेरकर उन पर कई राउंड गोलियां चलाईं। दोनों युवकों ने भागकर अपनी जान बचाई, जबकि हमलावर उनका मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना 112 हेल्पलाइन पर दी गई, जिसके बाद शाहकोट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से एक खाली खोल भी बरामद किया है। पुलिस ने 7 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित बलराज सिंह पुत्र बगीचा सिंह निवासी गांव रामे ने पुलिस को बताया कि करीब तीन साल पहले उसका गांव के जसवंत सिंह पुत्र अजीत सिंह के साथ विवाद हुआ था। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया था। बलराज सिंह के मुताबिक, सोमवार रात वह ट्रैक्टर पर खेतों से लौट रहा था, तभी जसवंत सिंह और उसके साथियों ने उसे रास्ते में घेर लिया। मौके पर ग्रामीणों के पहुंचने से मामला शांत हो गया। इसके बाद पंचायत ने बुधवार सुबह समझौता करवाने का समय तय किया था। खेतों की ओर जाते समय घेरकर चलाई गोलियां पीड़ित ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे वह अपने दोस्त कुलदीप सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर खेतों की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव की फिरनी पर जसवंत सिंह अपने 6 अन्य साथियों के साथ 3 मोटरसाइकिलों पर पहुंचा। आरोप है कि हमलावरों ने कई राउंड फायर किए।





04-11-2026_Layout 1 05-11-2026 01:04 Page 2

राजस्थान में अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे लाइन पर जोरदार धमाका! 2 फीट गहरा गड्ढा, 4 ट्रेनें रद्द

- धमाके से करीब 45 मिनट पहले पैसेंजर ट्रेन गुजर चुकी थी
- भारी मात्रा में RDX, हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद

धमाके की आवाज करीब 200 मीटर दूर तक सुनाई दी गई

जालंधर सिटी लाइव

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रेलवे ट्रैक पर मंगलवार रात करीब 9:45 बजे जोरदार धमाका हुआ। अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे लाइन पर हुए ब्लास्ट से पटरी के नीचे लगे सीमेंट के दो ब्लॉक पूरी तरह टूट गए, जबकि पटरियों के बीच करीब 2 फीट गहरा गड्ढा हो गया। धमाके की आवाज करीब 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। राहत की बात यह रही कि धमाके से करीब 45 मिनट पहले इस ट्रैक से पैसेंजर ट्रेन गुजर चुकी थी। श्रीगंगानगर के एसपी हरिशंकर के मुताबिक, धमाके की तीव्रता और रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने के पीछे किसका हाथ है, इसकी जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद IB, CID और एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (ATS) की टीमें मौके पर पहुंचीं। रेलवे ट्रैक की जांच के लिए FSL टीम भी सैंपल लेकर जांच करेगी। सुरक्षा के मद्देनजर बुधवार सुबह 9 बजे तक इस लाइन पर रेल यातायात बंद किया गया। इस रूट की 4 ट्रेनें भी रद्द कर दी गईं।



आरडीएक्स हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद

गौरतलब है कि अक्टूबर में भी श्रीगंगानगर के रावला मंडी क्षेत्र में पाकिस्तान सीमा के पास भारी मात्रा में आरडीएक्स, हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई थी। ऐसे में रेलवे ट्रैक पर हुए इस धमाके को लेकर सुरक्षा एजेंसियां गंभीरता से जांच कर रही हैं।

पंजाब में सुबह-सुबह पहुंची ईडी की टीम, 'आप' विधायक अमनदीप कौर अरोड़ा के घर पर छापामारी

- छापेमारी के कारणों की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई
- सबसे पहले मोगा-लुधियाना रोड स्थित उनके फ्लैटों पर पहुंची टीम
- डॉ. अमनदीप कौर को दोबारा पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया

विधायक के घर और फ्लैटों के आसपास सुरक्षा घेरा बनाया गया

जालंधर सिटी लाइव

मोगा। पंजाब के मोगा से बड़ी खबर है। आम आदमी पार्टी की विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा के घर बुधवार तड़के श्वष्ठ की टीम ने छापेमारी की। सुरक्षा के मद्देनजर विधायक के घर और फ्लैटों के आसपास सुरक्षा घेरा बनाया गया है। फिलहाल श्वष्ठ की कार्रवाई जारी है और छापेमारी के कारणों को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक, श्वष्ठ की टीम सबसे पहले मोगा-लुधियाना रोड स्थित उनके फ्लैटों पर पहुंची। इसके बाद विधायक के घर पर भी रेड की गई। छापेमारी के दौरान ED के साथ CRPF की टीमें भी मौजूद रहीं।





उम्मीदवारों की सूची में दोबारा मिला मौका

बता दें कि आम आदमी पार्टी ने शनिवार को पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इस सूची में मोगा से मौजूदा विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा को दोबारा पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया था।

आम आदमी को महंगाई का झटका! अमूल ने बढ़ाए घी-बटर के दाम, 50 रुपए तक महंगा हुआ सामान

सबसे ज्यादा बढ़ोतरी 1 किलो घी के कार्टन में की गई, दाम 630 रुपए से बढ़ाकर 680 रुपए कर दिया गया

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन के बीच आम लोगों को महंगाई का एक और झटका लगा है। देश के प्रमुख डेयरी ब्रांड अमूल ने घी और बटर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। नए रेट लागू होने के बाद कुछ उत्पादों की कीमतों में 3 रुपए से लेकर 50 रुपए तक का इजाफा हुआ है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी 1 किलो घी के कार्टन में की गई है। मांग बढ़ने के चलते बाजार में ब्रांडेड घी की खपत पर असर पड़ा है। अमूल की ओर से जारी नई कीमतों के मुताबिक, 1 किलो घी के कार्टन का दाम 630 रुपए से बढ़ाकर 680 रुपए कर दिया गया है। यानी ग्राहकों को अब इसके लिए 50 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे। वहीं, 500 ग्राम प्योर घी के पाउच की कीमत 325 रुपए से बढ़ाकर 345 रुपए कर दी गई है। घी के साथ अमूल ने बटर के दामों में भी इजाफा किया है। 100 ग्राम बटर पैक की कीमत 63 रुपए से बढ़कर 66 रुपए हो गई है। इसी तरह 500 ग्राम बटर पैक अब 310 रुपए की जगह 325 रुपए में मिलेगा। इससे रोजाना बटर इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं की जेब पर भी असर पड़ेगा। कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे गुजरात और राजस्थान में नकली घी के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद ब्रांडेड घी की मांग में इजाफे को वजह बताया जा रहा। सितंबर 2025 में लस्ट्स दरों में कटौती से उपभोक्ताओं को जो राहत मिली थी, कीमतों में ताजा बढ़ोतरी के बाद फायदा भी काफी कम हो गया है।



अमूल के नए रेट पर एक नजर

प्रोडक्ट	पुरानी कीमत	नई कीमत	बढ़ोतरी
घी (1 किलो कार्टन)	630	680	50
प्योर घी (500 ग्राम पाउच)	325	345	20
बटर (100 ग्राम पैक)	63	66	3
बटर (500 ग्राम पैक)	310	325	15

मनप्रीत बादल की बेटी की शादी में पहुंचे पीएम मोदी, नवविवाहित जोड़े को दिया आशीर्वाद

पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता है मनप्रीत सिंह बादल

- पीएम ने मनप्रीत की बेटी रिया के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की
- पंजाब भाजपा प्रधान केवल ढिल्लों समेत राजनीतिक हस्तियों की शिरकत

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मनप्रीत सिंह बादल की बेटी रिया के विवाह समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। प्रधानमंत्री की मौजूदगी ने समारोह को खास बना दिया। इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और पंजाब भाजपा के प्रदेश प्रधान केवल सिंह ढिल्लों समेत कई राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत की। रिया बादल का विवाह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. करण सिंह के पोते आर.के. मार्तंड सिंह के साथ हुआ। शादी समारोह का आयोजन दिल्ली के लुटियंस इलाके में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की बेटी जय इंदर कौर के निजी आवास पर किया गया था।



परिवार के साथ पीएम मोदी को दिया शादी का न्योता

बेटी की शादी से पहले मनप्रीत सिंह बादल ने अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को विवाह समारोह में शामिल होने का व्यक्तिगत निमंत्रण दिया था। मुलाकात के समय उनकी पत्नी वीनू बादल, बेटा और बेटी रिया भी मौजूद थे। मनप्रीत बादल ने इस मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी और प्रधानमंत्री का समय देने व परिवार को सम्मान देने के लिए आभार जताया था।

सभी ने नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं देते हुए उनके नए जीवन की मंगलकामना की।

इनोसेंट हार्ट्स के विद्यार्थियों ने इनोवेटिव कृषि परियोजना के लिए 'जुगाड़ मेला 5.0' में जीता प्रथम पुरस्कार

जालंधर। इनोसेंट हार्ट्स स्कूल, ग्रीन मॉडल टाउन के कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों दैविक और तथ्या ने 'जुगाड़ मेला 5.0' में कृषि एवं ग्रामीण विकास श्रेणी में अपनी नवीन परियोजना 'क्रॉप पायलट' के लिए प्रथम पुरस्कार के साथ 5,000 का नकद पुरस्कार (जो सीधे उनके बैंक खाते में जमा किया गया) प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 600 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से केवल 50 टीमों को अगले चरण के लिए चुना गया। अपनी असाधारण रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या-समाधान कौशल का प्रदर्शन करते हुए इन युवा इनोवेटर्स ने कृषि एवं ग्रामीण विकास श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल किया। वाइस प्रिंसिपल श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विकसित उनकी परियोजना 'क्रॉप पायलट' फसलों को होने वाले नुकसान का आकलन करने तथा कीटनाशकों के विवेकपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने की एक व्यावहारिक पहल है। यह परियोजना किसानों को कीटनाशकों के छिड़काव के संबंध में अधिक सटीक और उचित निर्णय लेने में सहायता प्रदान कर सकती है।



के.एम.वी. द्वारा 'वॉइसेज़ ऑफ़ टुडे एंड टुमारोः स्टूडेंट्स स्पीक' विषय पर संवाद सत्र का आयोजन

युवाओं को निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिएः श्री चंद्र

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। कन्या महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) द्वारा युवाओं की सक्रिय भागीदारी और खुले विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'वॉइसेज़ ऑफ़ टुडे एंड टुमारोः स्टूडेंट्स स्पीक' विषय के अंतर्गत एक ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने छात्राओं को समकालीन समाज के समक्ष उपस्थित सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और तकनीकी चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया। इस अवसर पर आर्य शिक्षा मंडल के अध्यक्ष श्री चंद्र मोहन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय की डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने श्री चंद्र मोहन का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने कहा कि संस्थान युवाओं को राष्ट्रीय, व्यक्तिगत एवं नैतिक मुद्दों पर खुलकर विचार-विमर्श करने का मंच प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में आलोचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं तथा उन्हें आधुनिक चुनौतियों का सामना करने के लिए आत्मविश्वास और दृढ़ता प्रदान करते हैं। सत्र के दौरान श्री चंद्र मोहन ने छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए और उनके द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों के समाधान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। मतदान के अधिकार एवं जिम्मेदारी के संबंध में उन्होंने कहा कि नागरिकों को सदैव व्यक्तिगत हितों से ऊपर राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। पंजाब में नशा तस्करी और गैंगस्टर संस्कृति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने नशे की आपूर्ति श्रृंखला को समाप्त करने तथा पुलिस, राजनीतिज्ञों और नशा तस्करों के बीच गठजोड़ को तोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने की अपील की और कहा कि उन्हें केवल मित्र बनने के बजाय अपने बच्चों के उचित मार्गदर्शक की भूमिका भी निभानी चाहिए। युवा पीढ़ी को स्वतंत्र सोच अपनाने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किसी का भी आंख मूंदकर अनुसरण नहीं करना चाहिए।



एचएमवी ने जीएनडीयू ज़ोनल यूथ फेस्टिवल 2026 में हासिल की सेकंड रनर्स-अप ट्रॉफी

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। हंस राज महिला महाविद्यालय, जालंधर ने अपनी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्कृष्टता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ज़ोनल यूथ फेस्टिवल 2026 में सेकंड रनर्स-अप ट्रॉफी हासिलकर संस्थान का नाम रोशन किया। महाविद्यालय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 28 स्थान प्राप्त किए। महाविद्यालय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पाँच प्रथम, चौदह द्वितीय और नौ तृतीय स्थान हासिल किए। एचएमवी ने अंग्रेज़ी वाद-विवाद, क्विज़, समूह शबद, कविश्री और पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेज़ी एलोक्यूशन, काव्य गोष्ठी, हिंदी/पंजाबी एलोक्यूशन, पंजाबी/हिंदी वाद-विवाद, समूह गीत, वेस्टर्नवोकल सोलो, वेस्टर्न रूप, शास्त्रीय गायन, माइम,कार्टूनिंग, कोलाज, पक्खी, चिक्कू और नुक्कड़ नाटक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त फोकऑर्केस्ट्रा, गीत/ग़ज़ल, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो,शास्त्रीय वाद्य संगीत (नॉन-पर्कशन), एकांकी, शास्त्रीयनृत्य, पेंटिंग, टोकरी और मेहंदी में तृतीय स्थानहासिल किया। इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्याडॉ. (श्रीमती) एकता खोसला ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनकी मेहनत, आत्मविश्वास और प्रतिभा की सराहना की।उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है और एचएमवी के समग्र शैक्षणिक वातावरण कोदर्शाती है, जहाँ छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने, बौद्धिक क्षमताओं का विकास करने तथा कक्षा की सीमाओं से आगे बढ़कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहितकिया जाता है। उन्होंने यूथ वेलफेयर विभाग केनिरंतर प्रयासों की भी सराहना की, जो छात्राओं कोअपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उचित मार्गदर्शनऔर मंच प्रदान करता है। डॉ. एकता खोसला ने डीन यूथवेलफेयर डॉ. आशमीन कौर, को-डीन डॉ. 'योति गोगिया, सीनियर फैकल्टी सदस्य डॉ. ममता, विभिन्न प्रतियोगिताओं के इंचार्ज तथा यूथ वेलफेयर विभाग के सभी सदस्यों को इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके अथक प्रयासों की सराहना की।



04-11-2026_Layout 1 05-11-2026 01:04 Page 3

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

जालंधर के फिल्लौर में जीटी रोड पर पलटा वेरका दूध का कैंटर, बाल-बाल बचा ड्राइवर

गनीमत रही कि इस हादसे में किसी का जानी नुकसान नहीं हुआ

- इस हादसे में ड्राइवर को चोट नहीं आई और पूरी तरह से सुरक्षित
- हाइड्रा मशीन की मदद से कैंटर को सीधा कर सड़क से दूर किया

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः जालंधर के फिल्लौर में जीटी रोड पर वेरका दूध का कैंटर बीच सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी का जानी नुकसान नहीं हुआ। पर कैंटर पलटने के कारण सड़क पर दूध बिखर गया। हादसे की जानकारी मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स (SSF) की टीमें मौके पर पहुंची। टीम ने सेफ्टी कोन लगाकर सुरक्षा के इंतजाम किए। हाइड्रा मशीन की मदद से कैंटर को सीधा कर सड़क से दूर किया गया और प्रभावित हुए ट्रैफिक को शुरू करवाया।



बाइक सवार को बचाने के कारण हुआ हादसा

SSF के सरबजीत सिंह ने बताया कि कैंटर ड्राइवर कट से नीचे उतरते समय सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के कोशिश डिवाइडर से टकरा गया। चूंकि अंधेरा और कोहरा उस समय ज्यादा था इसलिए वह डिवाइडर को देख नहीं पाया। जिस कारण कैंटर पलट गया और रास्ते में दूध बिखर गया। हालांकि ड्राइवर को चोट नहीं आई और पूरी तरह से सुरक्षित है। स्स्त्र अधिकारी ने आगे बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंची।

ट्रेनों के बाद अब फ्लाइट की टिकटों ने निकाला दम

चंडीगढ़ के शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 15 दिन में दोगुना हुआ हवाई किराया

- टिकटों की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा
- दिवाली व छठ पूजा के मद्देनजर फ्लाइट्स का किराया बढ़ा
- यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही आसमान छूने लगे दाम



जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। त्योहारी सीजन में घर जाने की योजना बना रहे लोगों के लिए अब हवाई सफर भी भारी पड़ने लगा है। ट्रेनों में लंबी वेटिंग के बीच फ्लाइट टिकटों की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। दिवाली और छठ पूजा के मद्देनजर चंडीगढ़ के शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उत्तर प्रदेश, बिहार, कोलकाता और मुंबई जाने वाली फ्लाइट्स के किराये में काफी बढ़ोतरी हुई है। कई रूट पर टिकट की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। छठ पूजा में अब करीब 10 दिन का समय बचा है। ऐसे में बिहार जाने वाले यात्रियों के लिए हवाई टिकटों के दाम भी आसमान छूने लगे हैं। चंडीगढ़ से पटना जाने वाली फ्लाइट का किराया बढ़कर 25,176 रुपए तक पहुंच गया है। करीब 15 दिन पहले इसी रूट पर टिकट 10,961 रुपए में उपलब्ध थी।इसी तरह लखनऊ जाने वाले यात्रियों को भी ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। हवाई टिकट की कीमत 6,500 रुपए से बढ़कर 15,690 रु हो गई है।

कोलकाता का किराया हुआ दोगुना

त्योहारी सीजन का असर कोलकाता जाने वाली फ्लाइट्स पर भी दिखाई दे रहा है। यहां का हवाई किराया 8,500 रुपए से बढ़कर 18,717 रुपए तक पहुंच गया है। वहीं, मुंबई और गोवा जाने वाली फ्लाइट्स के किराये में तुलनात्मक रूप से कम बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिवाली और छठ पूजा पर घर जाने की तैयारी कर रहे लोगों को अब सफर के लिए पहले के मुकाबले काफी ज्यादा बजट रखना पड़ रहा है।

डीए मामले में पंजाब के चीफ सेक्रेटरी को अवमानना का नोटिस, सुप्रीम कोर्ट पहुंची मान सरकार

- हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए नोटिस रद्द करने की मांग
- याचिका में अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के आधार पर सवाल

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा को DA (महंगाई भत्ता) मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से जारी अवमानना नोटिस का विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए नोटिस रद्द करने की मांग की है। सरकार ने अपनी याचिका में अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के आधार पर सवाल उठाए हैं। यह पूरा मामला सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (DA) और पेंशनरों के महंगाई राहत (DR) के बकाया भुगतान से जुड़ा है।



हलफनामे में गलत जानकारी देने का है आरोप

हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की ओर से एक हलफनामा दाखिल किया गया था। हाईकोर्ट ने माना था कि सुप्रीम कोर्ट में दाखिल स्पेशल लीव पिटीशन (SLP) की स्थिति को लेकर हलफनामे में जानबूझकर गलत जानकारी दी गई। इसी आधार पर अदालत ने मुख्य सचिव केएपी सिन्हा को अवमानना नोटिस जारी किया था।

परविंदर झोटा हत्याकांड में पुलिस ने 1200 युवकों पर दर्ज किया मामला, हाईकोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

- पुलिस ने केमिस्ट स्टोर को तोड़ने के आरोप में मामला दर्ज किया है
- ऐसा इसलिए किया जा रहा है, ताकि मौके से सबूत जुटाए जा सकें

जालंधर सिटी लाइव

मानसा। पंजाब के मानसा में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड मामले में पुलिस ने 1200 अज्ञात युवकों पर केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने यह मामला आरोपी अश्विनी कुमार की केमिस्ट स्टोर को तोड़ने के आरोप में दर्ज किया है। ष्ठ्ठह्लद्ब और पुलिस अधिकारी जेसीबी मशीन लेकर केमिस्ट स्टोर पर पहुंचे ऐसा इसलिए किया जा रहा है, ताकि मौके से सबूत जुटाए जा सकें। वहीं झोटा हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की। अदालत ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह मामले में अब तक की गई कार्रवाई का पूरा ब्योरा पेश करे। अगर आरोपी के मकान गिराए हैं तो जानकारी और अपनाई कानूनी प्रक्रिया का डिटेल देने को कहा है। बता दें कि 13 अक्टूबर 2026 को मानसा में परविंदर सिंह झोटा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अभी तक उनका अंतिम संस्कार नहीं किया गया है। इस मामले में मेडिकल स्टोर संचालक अश्विनी कुमार मुख्य आरोपी है।



लुधियाना में स्कूल और कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी! पुलिस प्रशासन एक्टिव

- कोर्ट में एक थ्रेट मेल आया, दोपहर 2.11 बजे धमाके की बात कही

धमकी की मेल मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है

जालंधर सिटी लाइव

लुधियाना। लुधियाना में स्कूल और कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जानकारी के मुताबिक कोर्ट में एक थ्रेट मेल आया, जिसमें लिखा हुआ था कि दोपहर 2 बजकर 11 मिनट पर धमाका होगा। इसके साथ ही स्कूलों को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। धमकी की मेल मिलते ही पुलिस प्रशासन एक्टिव हो गया और मामले की जांच शुरू कर दी है। ई-मेल में दिलजीत दोसांझ और राहुल गांधी का नाम लेते हुए उन्हें भी धमकी दी गई है। इसके अलावा स्कूलों के संबंध में दोपहर 1ः11 बजे का समय लिखकर अभिभावकों को बच्चों की सुरक्षा को लेकर चेतावनी दी गई है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है।



रैली में धमाके करने का किया जिक्र

ई-मेल में भेजने वाले ने खुद को पंजाब और खालिस्तान से जुड़ा बताते हुए 1984 के सिख दंगों का बदला लेने की बात लिखी है। इसमें 1984 में हुई घटनाओं को लेकर राजनीतिक और धार्मिक टिप्पणियां भी की हैं। साथ ही 27 नवंबर तक एक रैली में बम धमाके करने की धमकी का भी जिक्र है।

सीएम मान का दिवाली फेस्टिवल से पहले बड़ा ऐलान, सरकारी कर्मचारियों का बढ़ाया डीए

- कर्मचारियों के महंगाई भत्ते यानि डीए में 3% बढ़ोतरी का ऐलान
- अब सरकारी कर्मचारियों का ष्ठ बढ़कर 53 फीसदी हो गया है

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दिवाली के त्योहार से पहले सरकारी कर्मचारियों को तोहफा दिया है। सीएम मान ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते यानि ष्ठ में 3 फीसदी बढ़ोतरी का ऐलान किया है। इस ऐलान के साथ ही अब सरकारी कर्मचारियों का ष्ठ बढ़कर 53 फीसदी हो गया है। बढ़ा हुआ ष्ठ दिसंबर की सैलरी के साथ कर्मचारियों के अकाउंट में आएगा। सितंबर 2026 में पंजाब सरकार ने महंगाई भत्ते की दर 42 से 50 फीसदी की थी।



8 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को होगा फायदा

सीएम मान ने ऐलान करते हुए कहा कि ष्ठ में बढ़ोतरी से करीब 8 लाख मुलाजिमों और पेंशनरों को लाभ मिलेगा। नवंबर महीने के वेतन में बढ़े हुए ष्ठ का लाभ जुड़ेगा, जबकि दिसंबर में मिलने वाली पेंशन में भी बढ़ा हुआ ष्ठ शामिल होगा। 2022 में जब सरकार ने संभाली थी, तब कर्मचारियों को 28 फीसदी ष्ठ मिल रहा था। इस बढ़ोतरी से कर्मचारियों और पेंशनरों को 363 करोड़ रुपए का लाभ मिलेगा।

- दिसंबर की सैलरी के साथ कर्मियों के अकाउंट में आएगी डीए

अमृतपाल सिंह ने जालंधर के विकास के लिए खोला ग्रांटों का पिटारा, सड़क, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जारी किए लाखों रुपये

कशहर के विभिन्न वार्डों से लेकर गांवों तक पहुंचेगी विकास की राशि, लोगों को मिलेगी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से राहत

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/सिद्धूः जालंधर में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्लानिंग बोर्ड के चेयरमैन अमृतपाल सिंह की ओर से एक साथ 10 विकास ग्रांटें जारी की गई हैं। शहर के अलग-अलग विधानसभा हलकों के वार्डों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास कार्यों के लिए जारी की गई इन ग्रांटों के माध्यम से सड़क निर्माण, बिजली व्यवस्था को मजबूत करने और स्वास्थ्य एवं फिटनेस सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इस पहल के तहत विभिन्न विभागों को फंड उपलब्ध करवाए गए हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों की जरूरतों के मुताबिक विकास कार्य करवाए जा सकें। अमृतपाल सिंह की ओर से जारी इन ग्रांटों में सड़क निर्माण के लिए विशेष राशि रखी गई है। जमशेर रोड, जो गुरविंदर सिंह शेरगिल के घर की ओर जाती है, के निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को 10 लाख रुपये दिए गए हैं। वहीं गांव अलीपुर में सड़कों के निर्माण के लिए 6.50 लाख रुपये की ग्रांट मंजूर की गई है। इन दोनों कार्यों से संबंधित क्षेत्रों में आवागमन बेहतर होने के साथ स्थानीय निवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

शहर की बिजली व्यवस्था को लेकर भी कई वार्डों को ग्रांट दी गई है। जालंधर नॉर्थ के वार्ड नंबर 68, जालंधर सेंट्रल के वार्ड नंबर 19, जालंधर वेस्ट के वार्ड नंबर 40 और 43, आबादपुरा के वार्ड नंबर 34, वार्ड नंबर 44 तथा दिलबाग नगर के वार्ड नंबर 56 में पीएसपीसीएल के माध्यम से विभिन्न बिजली संबंधी कार्य करवाए जाएंगे। इनमें ट्रांसफार्मर लगाने और अपग्रेड करने जैसे काम भी शामिल हैं। इन कार्यों के पूरा होने से संबंधित इलाकों में बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्र के विकास को भी इस पहल में जगह दी गई है। गांव रामूवाल में जिम का सामान खरीदने के लिए 2 लाख रुपये की ग्रांट मंजूर की गई है। इससे गांव के युवाओं को व्यायाम और शारीरिक फिटनेस के लिए सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह कदम ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। राजनीतिक और विकास के नजरिए से भी इन ग्रांटों को अहम माना जा रहा है। जालंधर के विभिन्न इलाकों में अलग-अलग जरूरतों के लिए फंड जारी होने से विकास का दायरा कई क्षेत्रों तक पहुंचा है। सड़क, बिजली और स्वास्थ्य जैसी सीधे जनता से जुड़ी सुविधाओं पर खर्च होने वाली यह राशि स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को लेकर अमृतपाल सिंह की भूमिका को भी चर्चा में लाएगी। अब लोगों की निगाहें इस बात पर रहेंगी कि संबंधित विभाग कितनी तेजी से इन ग्रांटों के तहत काम शुरू करवाकर जनता को इसका लाभ पहुंचाते हैं।



श्री हिंदू तख्त के पंजाब प्रधान श्री माणिक तलवार ने अपने साथियों सहित भाजपा को दिया समर्थन, पार्टी में हुए शामिल



जालंधर सिटी लाइव

जालंधरः श्री हिंदू तख्त के पंजाब प्रधान श्री माणिक तलवार जी ने अपने साथियों सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होकर पार्टी को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर उनके साथ टीम के कई सदस्य भी भाजपा में शामिल हुए। श्री माणिक तलवार जी ने बताया कि श्रीमती शैली खन्ना जी, श्री के.डी. भंडारी जी, श्री अशोक सरीन जी एवं श्री योगेश धीर जी के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर उन्होंने अपने साथियों सहित भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया। इस अवसर पर श्री माणिक तलवार जी के साथ गौतम जुल्का, अमित टंडन, आशु तलवार, जतिन, मुकेश कुमार, हनी नायर, लकी गिल, आशिम तलवार, सौरभ, कर्मा, दीपक, पेठू, सुखोबम, मणि, इशु, आदि, सागर, योगांश, शिवम, रितेश, अच्छर, दिक्षम, देवम, राकेश कुमार, जतिन भट्टी, मणि अटवाल, रोहित, सौरव और इशु अटवाल सहित अन्य साथी मौजूद रहे। श्री माणिक तलवार जी ने कहा कि वे अपने साथियों के साथ मिलकर जनसेवा, सामाजिक कार्यों और समाज के हित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने पार्टी के नेतृत्व के मार्गदर्शन में जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

04-11-2026_Layout 1 05-11-2026 01:04 Page 4



रायात बहरा स्कूल के छात्र आरव ने 11वें अंतरराष्ट्रीय के.एल. मेयर कप में जीता सिल्वर मेडल,देश का नाम किया रोशन





जालंधर सिटी लाइव

होशियारपुरः रायत बहरा इंटरनेशनल स्कूल के होनहार छात्र आरव ने मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित प्रतिष्ठित 11वें अंतरराष्ट्रीय के.एल. मेयर कप में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में आरव ने अपने उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन और दृढ़ निश्चय के दम पर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर विद्यालय, शहर और पूरे देश का मान बढ़ाया है। आरव की इस अंतरराष्ट्रीय कामयाबी पर रायत बहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के उप-कुलपति (वाइस चांसलर) डॉ. चंद्र मोहन ने आरव और उसके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷वैश्विक मंच पर पदक जीतना केवल छात्र के लिए ही नहीं, बल्कि समूचे संस्थान और राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरवशाली क्षण है। यह सफलता छात्र की अथक मेहनत और माता-पिता के सतत मार्गदर्शन का प्रतिफल है।÷ उन्होंने आरव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर प्रगति की उम्मीद जताई। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने भी आरव की सराहना करते हुए कहा कि उसकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। खेल छात्रों में धैर्य, संघर्ष और एकाग्रता का संचार करते हैं और आरव ने साबित किया है कि पक्के इरादों से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने भी आरव को शुभकामनाएं दीं।

पंजाब स्टेट जूनियर एवं सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026

जालंधर की पीहू (इनोसेंट हार्ट्स स्कूल), समियारा ओबरॉय कैम्ब्रिज स्कूल, जालंधर ने जीता कांस्य पदक

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादलः जालंधर की पीहू सहगल (इनोसेंट हार्ट्स स्कूल) और समियारा ओबेरॉय (कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल, जालंधर) ने पंजाब स्टेट जूनियर एवं सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक लुधियाना के शास्त्री बैडमिंटन हॉल में आयोजित की गई। दोनों खिलाड़ी जालंधर स्थित सनराइज बैडमिंटन अकादमी में कोच संचित कदम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



जीएनडीयू के 'सी' ज़ोन यूथ फेस्टिवल में सेंट सोल्जर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन, नौ पुरस्कार किए अपने नाम



जालंधर। सेंट सोल्जर कॉलेज (को-एजुकेशन), जालंधर के विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (जीएनडीयू), अमृतसर के यूथ वेलफेयर विभाग द्वारा आयोजित सी ज़ोन यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। यूनिवर्सिटी द्वारा इस यूथ फेस्टिवल काआयोजन तीन ज़ोन – ए, बी और सी – में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को अपनी कलात्मकप्रतिभा, सांस्कृतिक कौशल और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सेंट सोल्जर कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और कुल नौ पुरस्कार हासिल किए।

पंजाब की राजनीति में बड़ा उलटफेर! प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने अकाली दल पुनर सुरजीत छोड़ा

- सभी अकाली दलों और पंथक संगठनों को एक मंच पर आने की अपील की

जालंधर सिटी लाइव



पंजाब की राजनीति में बुधवार को एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया। पूर्व सांसद प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने अकाली दल पुनर सुरजीत से अलग होने का ऐलान कर दिया। उन्होंने पंजाब और पंथ के हितों की रक्षा के लिए सभी अकाली दलों और पंथक संगठनों को एक मंच पर आने की अपील की। चंदूमाजरा के मुताबिक, मौजूदा राजनीतिक हालात में पंजाब समर्थक ताकतों का एकजुट होना बेहद जरूरी हो गया है। शिरोमणि अकाली दल हमेशा से पंथ व पंजाब की नुमाइंदगी करने वाली राजनीतिक जमात रही है। पूरे राजनीतिक जीवन में पंजाब के अधिकारों और हितों के लिए संघर्ष किया है। हालांकि, मौजूदा हालात को लेकर प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने निराशा जाहिर की। प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए जिस तरह की प्रभावी राजनीतिक भूमिका निभाई जानी चाहिए, उसकी कमी महसूस हो रही है। उन्होंने मजबूत राजनीतिक आंदोलन खड़ा करने की जरूरत पर भी जोर दिया। प्रो. चंदूमाजरा ने कहा कि अकाली दल के अलग-अलग गुटों में बंटे होने का फायदा उन ताकतों को मिल रहा है, जो पंजाब और पंथ के हितों के खिलाफ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक बिखराव के कारण पंजाब के मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाने में मुश्किलें आ रही हैं।

विस चुनाव से पहले मतभेद भुलाकर एकजुटता पर दिया जोर

आगामी विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि पंजाब के हितों की रक्षा के लिए सभी पंजाब समर्थक राजनीतिक और पंथक संगठनों को एक मंच पर आना चाहिए। उन्होंने सभी अकाली नेताओं और संगठनों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया।



रैली के दौरान राहुल गांधी ने सिद्धू मूसेवाला को किया याद, बोले- उसके अंदर पंजाब की आवाज थी

पंजाब कांग्रेस की इंसाफ रैली के दौरान सिद्धू के साथ जुड़ी कई बातें साझा कीं

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब कांग्रेस की इंसाफ रैली के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला को याद करते हुए उनके साथ जुड़ी कई बातें साझा कीं। राहुल गांधी ने कहा कि वह सिद्धू मूसेवाला को पहले से नहीं जानते थे और न ही उस समय उनके गाने सुने थे, लेकिन पहली मुलाकात में ही सिद्धू उन्हें काफी अच्छे लगे थे। उन्होंने कहा कि सिद्धू एक बेहद प्रतिभाशाली युवा था और उसके अंदर पंजाब की आवाज थी। राहुल गांधी ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि एक दिन






सार्वजनिक रूप से उसकी सुरक्षा हटा दी गई और इसके बाद दिनदहाड़े उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने इस घटना को लेकर पंजाब की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। राहुल गांधी ने बताया कि जब पहली बार सिद्धू मूसेवाला से मुलाकात हुई तो उन्हें बताया गया था कि वह अच्छा लड़का है और राजनीति में आना चाहता है। उस समय राहुल गांधी ने सिद्धू के गाने भी नहीं सुने थे। सिद्धू की प्रतिभा को देखते हुए उन्होंने उसे कांग्रेस में शामिल करवाया था। राहुल गांधी को उस समय महसूस हुआ था कि सिद्धू राजनीति की एक खतरनाक दुनिया में कदम रख रहा है और उसे राजनीतिक सुरक्षा की जरूरत होगी। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने के बाद सिद्धू मूसेवाला को धमकियां मिलने लगी थीं। उनके मुताबिक, सिद्धू राजनीति में बहुत बड़ा काम कर सकता था।

सिद्धू के पिता बलकौर सिंह के दर्द का किया जिक्र

राहुल गांधी ने सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह के साथ हुई बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि बलकौर सिंह ने उनसे कहा था कि जिस पिता को अपने बेटे की मौत देखनी पड़े, उससे बड़ा दर्द कोई नहीं हो सकता। बलकौर सिंह के बेटे के साथ जो हुआ, आज पंजाब में ऐसी घटनाएं एक ट्रेंड बन गई हैं। पंजाब ने एक ऐसा प्रतिभाशाली युवा खो दिया, जो अपनी कला और राजनीति के जरिए राज्य के लिए बहुत कुछ कर सकता था।

जमीनी विवाद को लेकर बाप-बेटे ने व्यक्ति को मारपीट कर किया जख्मी

फिरोजपुर : थाना सदर जीरा की पुलिस ने बीते दिन जमीनी विवाद को लेकर गावं जोईयां वाला में एक व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी करने वाले बाप-बेटे के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सदर के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि उसने गुरजंट सिंह पुत्र साधु सिंह से जमीन ठेके पर ली हुई है औरर उसके साथ दोषियों की भी जमीन है और वह अकसर पानी की मोटर को लेकर उसके साथ झगड़ा करते रहते है। पीड़ित ने बताया कि बीते दिन उसने उक्त दोषियों को मोटर का ढक्कन बंद करने के लिए कहा तो दोषी जगदेव सिंह पुत्र गुरजंट सिंह व सुखविन्द्र सिंह पुत्र जगदेव सिंह वासी गांव जोईयां वाला ने उसके साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया था। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामले की जांच कर रहे शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने जगदेव सिंह व सुखविन्द्र सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।



जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

स्वामी, संपादक, मुद्रक, प्रकाशित रमेश चन्द्र नैयार ने 66 गुरु हरिकृष्ण नगर बस्ती गुजां जालंधर से मुद्रित एवं वचितरा प्रिंटर महाऋषि दयानंद मठ मार्केट, धन्न मोहल्ला, जालंधर से प्रकाशित किया।

EDITOR :
RAMESH CHANDER NAYYAR

Title Code : PUNHIN01951
Contact No : 9855559913

Responsible For Selections of News And Other Matter As Prb Act All Disputer Will Be Fi&ed Under The Jurisdictions of Distt. Jalandhr Courts.

